हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 09. 0 डिग्री

कानून का पालन करना हम सबका कर्तव्य : डॉ. भोजवानी

4



## खबर संक्षेप

### सक्ती में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन आज

**सक्ती।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार 22 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक आई.टी.आई. सक्ती नंदेली भाठा में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में निजी क्षेत्र के नियोजक न्यूट्रीन्टी काप केयर प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर द्वारा सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, ग्रुप लीडर, एवं टीम लीडर के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वी एवं ग्रुप लीडर व टीम लीडर पद के लिये 12वी स्नातक कृषि निर्धारित किया गया है।

### आकस्मिक मृत्यु के 5 प्रकरणों में 20 लाख की राशि स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** आपदा मृत्यु के 5 प्रकरणों में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है। जिले की तहसील बलौदा के ग्राम खारी के दुर्गेश कुमार बिंझवार की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पत्नी श्रीमती सविता बिंझवार, तहसील जांजगीर के ग्राम गौद के गोकुल प्रसाद सूर्यवंशी की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पत्नी श्रीमती त्रेवेनी सूर्यवंशी, ग्राम बिरगहनी के दिलीप पटवा की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी मां श्रीमती बुधिया बाई, तहसील नवागढ़ के ग्राम महंत निवासी श्रीमती लछनबाई की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पुत्री श्रीमती अम्बे धीवर और तहसील मुख्यालय चांपा के ऋतुराज देवांगन की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता अनिल कुमार देवांगन को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### मिशन शक्ति : विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 24 तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की है। मिशन शक्ति अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 8 स्वीकृत संविदा पदों जिला मिशन समन्वयक, जेन्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पीएमएमव्हीवाय, मल्टी टास्क की पूर्ति हेतु आवेदन 24 जनवरी तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जांजगीर-चांपा में आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### घर घुसकर मारपीट करने वाले 5 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** एक राय होकर घर अंदर घुसकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार 19 दिसंबर को दोपहर करीब 1-2 बजे के बीच मे प्रार्थिया अपने पति व इसकी लडकी के साथ घर पर थे, उसी समय आरोपी विपिन उर्फ सुशांत अपने साथी नंदकिशोर राम उर्फ मोहन, उपेन्द्र कुमार, गोलू कुमार एंव विक्रम साकिनान सोनपुर बिहार के साथ चार पहिया स्कार्पियो वाहन में हाथो मे राड व डंडा लेकर सभी एक राय होकर प्रार्थिया के घर मे घुसकर मारपीट करने लगे। प्रार्थिया के चिल्लाने पर आस पास के लोगो को आते देख सभी आरोपी भाग गए। आरोपी विपिन उर्फ सुशांत, नंदकिशोर राम, उपेन्द्र कुमार, गोलू कुमार एंव विक्रम निवासी सोनपुर बिहार जो घटना घटित कर फरार हो गया था, जिसे कोरबा क्षेत्र से पकड़ कर पूछताछ की गई। जुर्म स्वीकार कियें जाने से अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## 5.76 व 8 रुपए 17 पैसे में कैसे हो मीनू का पालन

# मध्यान्ह भोजन में महंगाई की मार परोस रहे दाल पानी व मूली भाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-पामगढ़

स्कूल जा पढ़े बर, जिनगी ल गढ़े बर के सूत्रवाक्य को सार्थक करने स्कूलो में पढ़ाई के साथ ही भोजन की भी व्यवस्था में भी चलाई जा रही मध्यान्ह भोजन योजना पर महंगाई की मार इस कदर पड़ रही है कि भोजन की थाली से मीनू गायब हो गया है। बच्चों को भात के साथ पानी वाला दाल और मूली भाजी परोसने की नौबत आ गई है। खास बात यह है कि शासन द्वारा प्रायमरी स्कूल के बच्चों के लिए 5 रुपए 76 पैसे तो मीडिल में 8 रुपए 17 पैसे की राशि निर्धारित की गई है। जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है।

जिले के सरकारी प्रायमरी व मीडिल स्कूल में मध्यान्ह भोजन योजना का इन दिनों बुरा हाल है। एक ओर जहां किराना सामानों की कीमतों में आग लगी हुई है तो दूसरी ओर बच्चों के भोजन के नाम पर शासन से मिलने वाली राशि का भुगतान भी समय पर नहीं हो पा रहा है। यही वजह है कि अधिकांश शासकीय प्रायमरी व मीडिल स्कूल में मध्यान्ह भोजन योजना नाम मात्र की रह गई है। कहने को तो स्कूल में बच्चों को सप्ताह में सोमवार से शनिवार तक निर्धारित मीनू के अनुसार दाल, चावल, हरी सब्जी, आचार, सलाद, पापड़ और उपलब्धता के अनुसार गुड़, चना, मौसमी फल परोसे जाने का नियम है, लेकिन इसके लिए जो राशि मिल रही है, वह अत्यंत कम है। शासन द्वारा प्रायमरी स्कूल में प्रति छात्र 100 ग्राम चावल और 5 रुपए 76 पैसे दिए जाते है। वहीं पूर्व माध्यमिक शाला में प्रति छात्र 150 ग्राम चावल और 8 रुपए 17 पैसे मिलता है। इसी से बच्चों के लिए भोजन की पूरी व्यवस्था करनी होती है। जिसमें चूल्हा, चौका से लेकर राशन सामग्री सभी का खर्च शामिल होता है।



मध्यान्ह भोजन में चावल के साथ बच्चों को परोसी गई मूली भाजी

### उधार में चल रही योजना, महीनों से नहीं मिली राशि

ब्लाक मुख्यालय पामगढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा आवास में गुरूवार को मध्यान्ह भोजन में बच्चों को भात के साथ मूली भाजी मिक्स पतली दाल परोसी गई। आचार, पापड़ सहित अन्य सामग्री का कोई इंतजाम नहीं था। जबकि मीनू के अनुसार चावल, पंचरत्न दाल और हरी सब्जी बच्चों को देना था। इसके अलावा उपलब्धता के आधार पर मौसमी फल और गुड़ चना भी देना था, लेकिन बच्चों की थाली में भात और मूली भाजी मिक्स दाल ही परोसी गई। इस संबंध में मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिला समूह की अध्यक्ष पुष्पा देवी लहरे और सदस्यों ने बताया कि शासन से जो राशि मिलती है, उसमें मीनू का पालन करना संभव नहीं है। दाल, तेल के अलावा अन्य सामग्रियों की कीमतों में कई गुना की वृद्धि हो गई है। इस हिसाब से राशि अत्यंत कम है। उन्होंने बताया कि उनके समूह को अभी 4 महीने से राशि भी नहीं मिली है। दुकानों में उधार करके वे बच्चों को मध्यान्ह भोजन खिला रही है।

इस तरह की स्थिति में बच्चों की थाली से मीनू गायब हो गया है। बच्चों को भात के साथ पानी वाला दाल और उसी में मूली भाजी सहित अन्य सब्जियां परोस दी जाती है। अधिकांश जगहों पर आचार, पापड़, सलाद, मौसमी फल मिलना बंद हो गया है।

### देते है निर्देश

मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन परोसने के निर्देश दिए जाते है। रही बात महंगाई की तो शासन के प्रावधान अनुसार राशि दी जाती है। इसी में समूहों को व्यवस्था बनानी है।

**-मोहन लाल कौशिक,**
विकासखंड शिक्षा अधिकारी
पामगढ़

# महंगा पड़ा विस चुनाव में मैदान छोड़ना खतरे में पड़ी जनपद अध्यक्ष की कुर्सी

## पामगढ़ में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





अविश्वास लाने कलेक्टोरेट पहुंचे जपं सदस्य

पडोसी जिला सक्ती में जाकर विधानसभा चुनाव की दावेदारी और मतदान से ठीक पहले मैदान छोड़ना पामगढ़ जनपद अध्यक्ष को महंगा पड़ रहा है। अब जनपद के सदस्यों ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने आवेदन किया है। ऐसे में जनपद अध्यक्ष की कुर्सी खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है।

गौरतलब है कि पामगढ़ जनपद पंचायत में बसपा के राजकुमार पटेल को जनपद अध्यक्ष बनाया गया था। उनका कार्यकाल तीन साल से अधिक भी सही चल रहा था। इस बीच वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में जनपद अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने सक्ती विधानसभा से अपनी दावेदारी की। उन्होंने चुनाव के पहले जोगी कांग्रेस का दामन थाम लिया और पार्टी ने उन्हें सक्ती विधानसभा से अपना प्रत्याशी घोषित किया। नाम घोषित होने के बाद पूरे तामझाम के साथ नामांकन फार्म जमा हुआ। इसके बाद प्रचार प्रसार का दौर भी चला, लेकिन जब मतदान की तिथि करीब आई तो जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी राजकुमार पटेल का मन बदलने लगा। उनका रूझान तत्कालीन सत्तासीन कांग्रेस प्रत्याशी की ओर बढने लगा। स्थिति यह बनी कि मतदान के ठीक एक दिन पहले जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी रहे राजकुमार पटेल ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में मैदान छोड़ दिया। इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत भी हुई, लेकिन राज्य में सत्तासीन कांग्रेस की सरकार चली गई। अभी नई सरकार के गठन को कुछ ही दिन हुए है और विधानसभा चुनाव के दौरान पाला बदलकर मैदान छोड़ने वाले पटेल की मुसीबत अब बढ़ने लगी है। इधर जनपद पंचायत पामगढ़ क्षेत्र में सदस्यों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने जनपद अध्यक्ष राजकुमार पटेल पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन किया है। यहीं नहीं सदस्यों ने अध्यक्ष के साथ जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सिंह चंदेल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए आवेदन किया है। जनपद सदस्यों ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पर आरोप लगाया है कि उनके द्वारा अफसरों से मिलीभगत करके 15वें वित्त की राशि में गड़बड़ी की गई है। इसी प्रकार सदस्यों को बिना विश्वास में लिए सदन में कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। साथ ही अपने निजी वाहनों का उपयोग करके व्यय खर्च कर जनपद पंचायत से लेने का आरोप भी लगाया है। उल्लेखनीय है कि पामगढ़ में कांग्रेस की विधायक है। ऐसे में विधानसभा चुनाव के दौरान मैदान छोड़कर कांग्रेस का समर्थन करने वाले अपने क्षेत्र के जनपद अध्यक्ष की कुर्सी बचाने क्षेत्रीय विधायक के समक्ष से एक प्रकार की चुनौती होगी।

## प्राणघातक हमला करने वाले आरोपियों को सात वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

पैसे नही देने पर ग्रामीण पर प्राणघातक हमला करने वाले दो आरोपियों को 7 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाया है।

**खास बात**

- प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

अभियोजन से मिली जानकारी के अनुसार 6 जून 2018 की शाम जय मुखर्जी चावल लेने ग्राम पेटफोरवा से ग्राम कराड़ी जा रहा था। रास्ते में वह गुढवानाला शिव मंदिर के पास साइकिल खड़ी कर दिशा मैदान के लिए वह मुक्तिधाम तरफ गया। वहीं पर भोजराम और राकेश कुमार पिकनिक मना रहे थे। भोजराम और राकेश ने जय मुखर्जी से पैसे की मांग की। जय मुखर्जी के द्वारा पैसा नहीं होना कहते हुए पैसा देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भोजराम और राकेश डंडे से प्राण घातक वार कर दिया। जिससे जय मुखर्जी के हाथ, आंख, जबड़ा, कान के पास चोट लगी और वह मौके पर घायल होकर गिर गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। मामले की रिपोर्ट बाराद्वार थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने धारा 294, 323, 506 बी, 307, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सक्ती के न्यायालय में पेश किया गया। बाद में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के समक्ष यह प्रकरण चला। शासन की ओर से कुल आठ गवाहों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात प्रथम अपर सत्र न्यायालय के न्यायाधीश बी.आर. साहू ने आदेश पारित किया। न्यायाधीश ने आरोपी भोजराम एवं राकेश कुमार को धारा 506 भाग 2 भारतीय दंड विधान के अपराध के लिए 1 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 हजार रुपए के जुर्माने से तथा धारा 327 भारतीय दंड विधान के अपराध के लिए 2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500 रुपए के जुर्माने से तथा धारा 307 भारतीय दंड विधान के अपराध के लिए 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया। अभियोजन की ओर से शासकीय अधिवक्ता अपर लोक अभियोजक दुर्गा प्रसाद साहू ने पैरवी की।

# स्कूल का भवन जर्जर, चार साल से जुगाड़ में चल रही क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ फगुरम

सपिया के शासकीय प्राथमिक शाला अगोरीपारा का भवन जर्जर हो चुका है। पिछले 4 सालों से जर्जर भवन के कारण स्कूल के बच्चे जुगाड़ के भवनों में किसी तरह पढ़ाई करने मजबूर है। वर्तमान में स्कूल के 40 बच्चे हाईस्कूल के भवन में दो पालियों में किसी तरह पढ़ाई कर रहे है।

मालखरौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सपिया के शासकीय प्राथमिक शाला अगोरीपारा का भवन 26 साल पुराना होने के कारण पूरी तरह जर्जर हो चुका है। भवन की स्थिति की जानकारी चार साल पूर्व स्कूल के प्रधानपाठक द्वारा ग्राम स्तर तथा विभाग के उच्चधिकारियों को दी जा चुकी है परंतु अभी तक नया विद्यालय भवन की स्वीकृति नही हुई। जिस कारण यंहा पढ़ने वाले विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में डूबता दिख रहा है। विकासखंड मालखरौदा में ग्राम सपिया बड़े पंचायतों में से एक है। यंहा दो शासकीय प्राथमिक शाला संचालित है। प्राइमरी स्कूल अगोरीपारा की दर्ज संख्या 40 के है। बच्चों की पढ़ाई व्यवस्था, किचन शेड, खेल मैदान व शौचालय ऐसे अनेक प्रकार के सुविधाएं नहीं है। विकासखंड मालखरौदा का ग्राम सपिया वृहत गांव होने के बाद भी यंहा सुविधाओं का अभाव है। स्कूल भवन 26 वर्ष पुराना होने के कारण जमीन में धसने लगा है और बरसात के दिनों में छत से पानी रिसने लगता है। स्कूल की दीवारों में जगह जगह दरार पड़ धसने लगा है। स्कूल परिसर के अंदर घास, कांटादार पौधे तथा सांप, बिच्छू जैसे अन्य जीव जंतु डेरा जमाए हुए है। चार वर्षों से विद्यार्थी यहां-वहां जुगाड़ के भवन में पढ़ाई कर रहे है। विद्यार्थियों को स्कूल प्रशासन द्वारा गांव के समुदायिक भवन में एक वर्ष के लिए व्यवस्था किया गया परंतु समुदायिक भवन में बैठक, शादी-विवाह जैसे अनेक कार्यक्रम होने के कारण वहां से भी हटा दिया गया। इसके बाद शासकीय हाई स्कूल भवन में दो पाली में व्यवस्था कर किसी तरह क्लास लगाई जा रही है।



हाईस्कूल के बरामदे में पढ़ाई करते बच्चे।

### किया जाएगा समाधान

सपिया के प्रायमरी स्कूल भवन के जर्जर हालात की जानकारी प्राप्त हुई है। इस विषय में शिक्षा विभाग द्वारा शीघ्र ही समाधान किया जाएगा।

**-त्रिभुवन जगत,**
ब्लाक शिक्षा अधिकारी
मालखरौदा

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन 29 तक

**जांजगीर-चांपा।** शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत 5 बालक, बालिकाओं को 25 हजार रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपनी जान की परवाह किये बिना 1 जनवरी से दिसम्बर के मध्य अद्भुत वीरता का कार्य किया हो। किसी दूसरे की जान बचाने का पराक्रम किया हो, को सम्मानित किया जाता है। राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यालयीन समय पर 29 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से आवेदन प्रेषित कर सकते है। आवेदन निर्धारित समयावधि में जमा नहीं किए जाएंगे वे आवेदन अस्वीकृत किये जा सकेंगें।

## बीच सड़क में खड़े किए गए 6 वाहनों की पुलिस ने बनाई जब्ती

**जांजगीर-चांपा।** बीच रोड में खड़े वाहनों से बढ़ते हुए दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए अभियान चलाकर लगातार पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 6 वाहनों को जप्त कर वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वाहन चालक लेखराम साहू उम्र 40 साल निवासी खपरी थाना पामगढ़, चंदन कुमार मिश्रा उम्र 27 साल निवासी जगनपुर वार्ड 11 थाना संदेश जिला भोजपुर बिहार, किरण कुमार उम्र 25 साल निवासी जोरंडा झारिया थाना तुमला जिला जशपुर, रिंगल सिंह उम्र 25 साल निवासी सोनडीह थाना अकलतरा, पुनीत यादव उम्र 55 साल निवासी पलारी जिला बलौदा बाजार, रामदयाल ध्रुव उम्र 53 साल निवासी खपरी जिला बलौदा बाजार के विरूद्ध धारा 283 भादवि के तहत अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किया गया। वाहनो को जब्त कर लिया गया है, जिसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस ने 20 दिसंबर को थाना अकलतरा में 1 वाहन चालक, थाना सारागांव 1 वाहन चालक, थाना बलौदा 2 वाहन चालक, थाना बिर्रा में 2 वाहन चालकों के खिलाफ धारा 283 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है, जिसे विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## विशेष अभियान चलाकर पुलिस ने अन्य राज्यों से किया बरामद

# जिले के 210 अपहृत लोगों को सकुशल पहुंचाया परिजन तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर जिले के 210 अपहृत लोगों को बरामद कर सकुशल परिजनो तक पहुंचाया। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा अन्य प्रदेशों से भी लोगों को बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है।

जिला पुलिस द्वारा गुम इंसानों की दस्तयाबी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 1 दिसंबर से 20 दिसंबर तक में जिले में गुम बालिका, बालिका, पुरुष, महिला की दस्तयाबी हेतु थाना, चौकी स्तर पर टीमों का गठन किया गया था। टीमों के द्वारा गुम बालक, बालिकाओं एवं पुरूष, महिला को जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, नोएडा, आगरा एवं अन्य राज्यो से तथा छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलो से बरामद कर दस्तायाब किया गया है। जिसमें थाना जांजगीर में 35, चौकी नैला में 7, थाना बलौदा में 14, चौकी पंतोरा में 4, थाना अकलतरा में 31, थाना मुलमुला में 24, थाना पामगढ़ में 22, थाना शिवरीनारायण में 26, थाना नवागढ़ में 21, थाना बिर्रा में 5, थाना बम्हनीडीह में 3, थाना सारागांव में 3, थाना चाम्पा में 15 लोगों को बरामद किया गया है। जिला पुलिस जांजगीर-चांपा द्वारा लगातार गुम बालक, बालिकाओं और पुरूष, महिला का पतासाजी दस्तयाबी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।



विशेष अभियान के तहत बरामद किए गए गुम इंसान।

## अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को बिहार से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नाबालिग का अपहरण कर शादी का झांसा देते हुए दुष्कर्म करने वाले आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया गया है। अकलतरा पुलिस ने सायबर टीम की मदद से आरोपी की गिरफ्तारी की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 363 के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अपहृता बालिका की पुलिस द्वारा लगातार पतासाजी की जा रही थी। पुलिस ने मामले की जांच में सायबर सेल की मदद ली। सायबर सेल की मदद से पता चला कि नाबालिग को आरोपी विपिन कुमार निवासी पहाडीचक सोनपुर बिहार में ले गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नाबालिक को बरामद किया। पीड़िता का महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया। इस दौरान पता चला कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता के कथनानुसार प्रकरण मे धारा 363, 366क, 376, 376(2)(एन) भादवि 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई। पुलिस ने आरोपी विपिन कुमार उम्र 24 वर्ष को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ की। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### रामनगर में श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा 24 से



**कोरबा।** रामनगर एकता चौक में 24 से 31 दिसंबर तक श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा का अयोजन किया जा रहा है। 24 दिसंबर को कथावाचक पं. श्री नरेश दुबे जी महाराज करनौद वाले द्वारा संगीतमय भागवत कथा के साथ कलश शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। कथा आयोजन बीपी तम्बोली रामनगर द्वारा किया जा रहा है। आयोजनकर्ता ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पूण्य का भागीदारी बनें।

### संगीतमय श्रीमद् भगवत कथा ज्ञान यज्ञ आज से

**हरदीबाजार।** संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ स्व.जगदीश प्रसाद शुक्ला की याद में ग्राम उतरदा नावाडीह में 22 दिसंबर को कलश यात्रा से आरंभ होकर 30 दिसंबर को तुलसी वर्षा,हवन-यज्ञ, सहस्त्रधारा एवं ब्रहामण भोज के साथ विश्राम किया जाएगा। कथा व्यास पीठ से पं.श्री प्रेमशंकर चौबे अपने मुखारविंद से कथा वाचन दोपहर 2.30 बजे से शाम 6.30 तक करेंगे। कथा आयोजक श्यामा देवी शुक्ला, पुष्पेंद्र शुक्ला नंदनी शुक्ला, फालेद्र शुक्ला कल्पना शुक्ला ने गांव व क्षेत्र से लोगों को कथा श्रवण करने और भोग भंडारा में शामिल होने की अपील की है।

### बुधराम का बन रहा पक्का मकान, अब नहीं होगा परेशान



**कोरबा।** मजदूरी का काम करने वाले बुधराम अघरिया का सपना था कि उसका भी कोई पक्का मकान हो, ताकि बारिश के दिनों में उनके परिवार को परेशान न होना पड़े। मजदूरी कर किसी तरह जीवन यापन करने वाले बुधराम को जब जानकारी मिली कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत उनका नाम भी आवास के लिए चयनित किया गया है तो उन्हें बहुत खुशी हुई। अब खाते में राशि मिलने के पश्चात बुधराम अपने पक्का मकान का सपना पूरा कर रहा है। पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड ग्राम मोरगा के जूनापरा में रहने वाले बुधराम अघरिया ने बताया कि गरीबी की वजह से पक्का मकान का सपना उसके लिए एक सपना था। बुधराम ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राही के रूप में उनका नाम आने के पश्चात उसे आवास निर्माण के लिए राशि प्राप्त हुई। राशि मिलने के पश्चात वह अपना मकान बना रहा है। कुछ दिनों के भीतर घर पूरी तरह से बन जाएगा और वे अपने परिवार के साथ पक्के मकान में शिफ्ट हो जाएंगे। बुधराम ने बताया कि वे वर्तमान में कच्चे मकान में निवास करते हैं। मकान कच्चा होने की वजह से बारिश में बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खपरे से भी पानी नीचे टपकने से बिस्तर भीग जाते थे।

### पीजी कॉलेज में निबंध लेखन भाषण प्रतियोगिता



**कोरबा।** शासकीय इंवि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को विकसित भारत 2047 के तहत शपथ पत्र, ऑनलाइन सुझाव प्रेषण, नारा लेखन, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेणु बाला शर्मा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में विकसित भारत 2047 से संबंधित शपत्र पत्र का वाचन विभाग एवं कक्षा अनुसार किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्रों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत संकल्प यात्रा आशा का एक जीवंत कारवां है यह सभी भारतीयों के घरों तक सशक्तिकरण और उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करती है। शपथ पत्र का वाचन आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ.संदीप शुक्ला के नेतृत्व में तथा निबंध एवं भाषण डॉ.बीएल साय के दिशा निर्देश में किया गया। विकसित भारत अभियान का लाइव प्रसारण विद्यार्थियों ने देखा। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम ए प्रथम की लोमश कश्यप, द्वितीय स्थान बी ए प्रथम वर्ष की रेणुका धीवर, तृतीय स्थान एमएससी प्रथम सेम की विनय सोनी ने प्राप्त की। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ डी दुबे, श्रीमति अमोला कोर्राम, कन्हैया सिंह कँवर, दीपक टेकाम, सुशील अग्रवाल, अजय पटेल, श्रीमती मधु कँवर, केआर टंडन, एनएसएस के स्वयंसेवक निखिल साहू, हुमांशु साहू, लोमेश कश्यप, विनय सोनी, सुषमा बंजारे, साहिन बानो तथा छात्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कार्यकर्ता व सहायिकाओं को दिया जाता था संचालन का प्रशिक्षण

# जिले में आंगनबाड़ी प्रशिक्षण केंद्र हुआ बंद, प्रशिक्षण के लिए राजधानी की दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

जिले में महिला बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को दिए जाने वाला प्रशिक्षण कार्यक्रम बंद हो गया है। अब प्रशिक्षण के लिए राजधानी मुख्यालय जाने की मजबूरी हो गई है। पूर्व में प्रशिक्षण केंद्र जिला मुख्यालय में संचालित होते थे। जहां पड़ोसी जिले के भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका प्रशिक्षण लेने पहुंचते थे। अब कार्यकर्ताओं को योजना संबंधी प्रशिक्षण मिलना ही बंद हो गया है।

आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों और महिलाओं को किस तरह के पोषण आहार देना है उनके वजन और टीकाकरण जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम के संचालन को लेकर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम चला करता था। जिसके लिए प्रशिक्षण केंद्र भी बनाया गया था। जहां कोरबा ही नहीं बल्कि रायगढ़ जिले के कार्यकर्ता प्रशिक्षण लेने कोरबा आते थे। जिनके रहने और खाने की व्यवस्था कोरबा में ही किया जाता था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले की 2650 केंद्रों के कार्यकर्ताओं को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जाता था ताकि प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन बेहतर ढंग से कर सके एवं बच्चों के पौष्टिक आहार का वितरण भी नियम से हो सके। इसके साथ ही राज्य शासन से मिलने वाले सर्वे का प्रपत्र का संसाधरण करने का प्रशिक्षण भी दिया जाता था। पिछले दो साल से प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और प्रशिक्षण केंद्र भी बंद हो गए हैं। अब किसी तरह का प्रशिक्षण लेने के लिए राजधानी मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ती है। अब ऐसे प्रशिक्षण जिला स्तर में भी नहीं हो रहे हैं न ही कोई दिशा निर्देश महिला विकास विभाग शासन स्तर से मिले हैं।

#### मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जाता था प्रशिक्षण

प्रशिक्षण केंद्र में स्वयं सेवी संस्थाओं के मास्टर ट्रेनर के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाता था। जिन्हें स्वयं राज्य स्तर पर प्रशिक्षित किया जाता था ऐसे मास्टर ट्रेनर जिला मुख्यालय के प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण देने पहुंचते थे। स्वयं सेवी संस्थाओं के द्वारा ही प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन होता था। साथ ही साथ मास्टर ट्रेनर आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर कार्यकर्ता व सहायिकाओं को यूनिसेफ द्वारा जारी की गई गाईडलाइन के तहत प्रशिक्षण के बारिकियों से अवगत कराया जाता था।

#### कई आंगनबाड़ी केंद्रों में पद रिक्त

कई आंगनबाड़ी केंद्र जिले में ऐसे हैं जहां कार्यकर्ता के पद रिक्त हैं या फिर सहायिका के पद रिक्त हैं। जहां कार्यकर्ता नहीं है वहां सहायिका के भरोसे ही केंद्रों का संचालन होता है। कुछ केंद्र ऐसे हैं जो भवनविहिन है। कुछ की हालत भौतिक रुप से जर्जर बनी हुई है। जिनके मरम्मत के प्रस्ताव भी विभाग शासन स्तर पर भेजा है, जिसपर शासन की ओर से स्वीकृति नहीं मिली है। यही कारण है कि फंड की कमी की वजह से केंद्र की मरम्मत नहीं हो पा रही है।

## चार ट्रैक्टर जब्त, अवैध उत्खनन परिवहन पर की गई कार्रवाई


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के लगभग सभी रेत घाट बंद पड़े हुए हैं। ऐसे में रेत तस्कर खदानों में घुसकर बड़े पैमाने पर रेत की चोरी कर रहे हैं, जिससे शासन को भारी नुकसान हो रहा है। रेत चोरों के खिलाफ एक्शन मोड में आ गई। है।

बुधवार को खनिज विभाग की टीम ने अलग अलग क्षेत्रों में कार्यवाही कर रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करते हुए चार ट्रेक्टर को जब्त किया है। कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा खनिज विभाग को जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन रोकने के कड़े निर्देश लगातार दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन और परिवहन में संलग्न चार ट्रैक्टरों पर कार्यवाही की गई है। खनिज अधिकारी प्रमोद नायक ने बताया कि रात्रि में कार्यवाही के पश्चात जब्त ट्रैक्टर सीजी 12 यू 0359 सलिहाभाठा, ट्रैक्टर जॉन डियर (बिना नंबर) प्रगति नगर एनटीपीसी, ट्रैक्टर जॉनडियर (बिना नंबर) कुदरमाल, ट्रैक्टर जॉन डियर (बिना नंबर) कुदुरमाल को थाने में रखा गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए खनिज अधिकारी प्रमोद नायक के मोबाइल नंबर 7587350731 में संपर्क किया जा सकता है।

# मजदूरी भुगतान के प्रकरण ही जाते हैं लोकपाल के पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मनरेगा के मजदूरी भुगतान के प्रकरणों के निराकरण हेतु गठित किए गए लोकपाल के पास सामान्य शिकायतें दायरे में नहीं आती और इधर मजदूरी भुगतान भी सीधे ऑनलाइन होने से अब ऐसी शिकायतों का दौर भी खत्म हो चला है। ऑफलाइन के समय फर्जी मजदूरी भुगतान के प्रकरण जनदर्शन में बढ़चढ़कर आते थे जिन्हें लोकपाल को भेजा जाता था। अब जनदर्शन में भी ऐसी शिकायतें नाम मात्र ही रह गई है।

**खास बातें**

- सामान्य शिकायतें दायरे में नहीं आती
- मजदूरी भुगतान आनलाइन होने से शिकायतें भी कम

ग्रामीण अंचलों में रोजगार देनी वाली केंद्र सरकार की महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के मजदूरी भुगतान के प्रकरणों का निराकरण करने हेतु लोक पाल प्रकोष्ठ बनाया गया था। जहां मजदूरी भुगतान नहीं होने, लंबित रहने या फर्जी मास्टर रोल तैयार कर मजदूरी राशि का गबन करने जैसे प्रकरण लोकपाल के दायरे में आते थे। ऐसे प्रकरणों की सुनवाई कर लोकपाल सीधे कार्यवाही का आवार्ड पारित करता था जिसमें सरपंचों से वसूली को लेकर मजदूरी भुगतान करने के निर्देश भी शामिल रहते थे। ऐसे तमाम तरह के प्रकरणों को लेकर ग्रामीण सीधे कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचा करते थे। जिन्हें जिला पंचायत को प्रेषित कर दिया जाता था। जब से जॉब कार्डधारी मजदूरी की मजदूरी ऑनलाइन हुई है तब से इस तरह के प्रकरण आना बंद हो गया है। मजदूरों के खाते में मजदूरी अब सीधे पहुंच रही है जो कभी मैनुअल भुगतान हुआ करता था। जिसमें मजदूरी राशि गबन को लेकर पहुंचा करती थी। कई मामलों में कार्यवाही संबंधित लोगों के खिलाफ हुई है। ऑफ लाइन मजदूरी भुगतान में गड़बड़ी होने के मामले में लोकपाल के पास पहुंचा करता था जहां सुनवाई पश्चात अवार्ड पारित किया जाता था और इस पर कार्यवाही होती थी। अब ऐसे मामले कम आ रहे हैं।

#### जानकारी के अभाव

जिला पंचायत में मनरेगा में लोकपाल की नियुक्ति होना महत्वूपर्ण कदम है लेकिन इसके संबंध में ग्रामीण अंचल के लोगों को लोकपाल के विषय में ज्यादा जानकारी नहीं रहती। मजदूरी संबंधी जो भी शिकायतें मजदूरों को रहती है उन शिकायतों को लेकर ग्रामीण मजदूर सीधे कलेक्टर के पास पहुंचते हैं जबकि मजदूरी संबंधी शिकायतों का निराकरण लोकपाल के दायरे में आता है और ऐसी शिकायते को लेकर ग्रामीण लोकपाल के पास नहीं पहुंचते क्योंकि उन्हें इसके संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं रहती। वह या तो जिला पंचायत सीईओ या मनरेगा के एपीओ तक ही पहुंचते हैं ऐसे कई रिकव्हरी के प्रकरण मनरेगा प्रकोष्ठ में लंबित हैं। रोजगार सहायकों से निर्माण कार्यों की राशि वसूली किया जाना है। पूर्व में जिला पंचायत के द्वारा रोजगार सहायकों से वसूली की नोटिस भी जारी की गई थी किंतु उसके बाद भी ऐसे प्रकरण लोकपाल तक नहीं पहुंचना कहीं न कहीं विभागीय लापरवाही को इंगित करता है।

# सरायपाली बुड़बुड़ परियोजना में भूविस्थापतों ने ठप किया कोयला उत्पादन व परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

पाली क्षेत्र में संचालित एसईसीएल की सरायपाली बुड़बुड़ परियोजना खदान में ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के समर्थन से ग्राम पंचायत बुड़बुड़ ग्रामवासियों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया गया है। यहां सुबह 6 बजे से भूविस्थापित खदान में एकत्र हुए और कामकाज को प्रभावित करते हुए उत्पादन ठप्प कर दिया है। भूविस्थापित लोगों की मांग है कि पुनर्वास नीति का उन्हें लाभ दिया जाए। पुनर्वास के बदले दी जाने वाली राशि के संबंध में इसे अपर्याप्त बताते हुए दूसरी परियोजनाओं की तरह 15 लाख रुपए प्रत्येक विस्थापित को दिए जाने की मांग की जा रही है। यदि 15 लाख रुपए नहीं दिया जा रहा है तो इन्हें जो 13 किलोमीटर दूर लाफा में बसाया जाना है उसे पाली के नजदीक 3 किलोमीटर के दायरे में बसाहट प्रदान किया जाना चाहिए।

**खास बात**

- पुनर्वास नीति का सही लाभ दिए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन

खदान में सुबह 6 बजे से जारी गतिरोध को दूर करने के लिए महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों के साथ-साथ तहसीलदार, नायब तहसीलदार व पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। उनके द्वारा दो दौर की वार्ता ऊर्जाधानी संगठन सपुरन कुलदीप व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारी ग्रामवासियों के साथ की जा चुकी है किंतु दोनों ही दौर में वार्ता असफल रही है भूविस्थापितों ने कहा है कि उनकी मांग पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिए जाने के कारण आंदोलन जारी रहेगा। बता दें कि ग्राम बु ड बु ड़ (सराईपाली परियोजना) में एस.ई.सी.एल. द्वारा भूमि अधिग्रहण किया जा चुका है जिसमें बसाहट एवं पुनर्वास दिया जाना है। चूंकि कोरबा जिला के अन्य खदानों में पुर्नवास के बदले दी जाने वाली राशि बढ़ाकर 10 लाख रूपये तक किया गया है किन्तु ग्राम बुडबुड में यही राशि 3 लाख रूपये है जो सौतेला व्यवहार है एवं न्याय संगत नहीं है। इस विषय पर अनेकों बार पत्र व्यवहार किया गया है किन्तु आश्वासन ही दिया गया है। चूंकि प्रबन्धन के द्वारा ही आश्वासन दिया गया था कि जो व्यक्ति 2014 में 18 वर्ष पूर्ण करता है उसे भी पुर्नवास हेतु पात्र माना जाएगा किन्तु यह भी केवल झूठा आश्वासन निकला जिसके कारण समस्त ग्रामवासी आक्रोशित हैं एवं अनिश्चितकालीन खदानबंदी हेतु मजबूर हैं। इस कड़ी में 20 दिसम्बर से सराईपाली परियोजना में ब्लास्टिंग, उत्खनन, उत्पादन व डिस्पेच अनिश्चितकालीन पूर्ण रूप से बंद शुरू कर दिया गया है। आंदोलन में तीरथ केशव, आशु लाल, चंदन सिंह बंजारा, शत्रुहन कर्पी, किर्ती सिंह बिंझवार, अमृत लाल नायक, जनक निषाद, राधे नायक, रामचरण यादव, अमर लाल, नरेंद्र ठाकुर उपस्थित थे।

जांजगीर, अकलतरा, चाम्पा, शिवरीनारायण, सक्ती मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपत्ति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
प्रो. आदित्य सिंघानिया मो.6260115021
छड़, सीमेंट, टीन, लोहा पाईप एवं बिल्डिंग मटेरियल
विशेष-इंटीरियर एवं डेकोरेड
डीलर-अग्नि शमन यंत्र (फायर सेफ्टी)
प्लाई, सनमाईका, सेन्टिंग प्लाई
विशेष-घर बनाना हुआ आसान, रिंग सरिया छड़ द्वारा निर्मित जाली कालम बीम आर्डर पर सभी साईज में बनाया जाता हैं।
संबंधित प्रतिष्ठान
सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की लकड़ियां कम दर में प्राप्त करें
प्रो. शंकर सिंघानिया मो. 9302362173

# जिले में 25 हजार से अधिक किसानों में बंटेगी 77 लाख रुपए से अधिक की बोनस राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदेश में नवगठित भाजपा सरकार द्वारा अपने पिछले कार्यकाल के दो वर्ष के बोनस की घोषणा पर अमल शुरु कर दिया है। प्रदेश सरकार की इस घोषणा से जिले के 25 हजार 956 किसानों को 77 लाख 86 हजार 8 सौ रुपए की एक बड़ी बोनस राशि वितरीत की जाएगी। जिसकी तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा कर ली गई है। जिला सहकारी बैंक ने किसानों के बोनस को लेकर विस्तृत जानकारी भी शासन को प्रेषित कर दी है।

**खास बातें**

- वर्ष 2014-15 के 13879 व वर्ष 2015-16 के 12077 किसान आए दायरे में
- पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती पर जारी होगी राशि

25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपई के जयंती अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सुशासन दिवस के रुप में मनाया जाता है। उनके जन्मदिन के अवसर पर भाजपा द्वारा विभिन्न तरह के शासकीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस वर्ष आसन्न विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में अपने शासित कार्यकाल के पिछले दो वर्ष का बोनस देने की घोषण की थी और इसे अपने घोषणा पत्र में शामिल किया था। प्रदेश में सत्ता में काबिज होने के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पिछले दो वर्ष के बोनस देने के आदेश पर हस्ताक्षर किए। प्रदेश सरकार की इस घोषणा से जिले के 25 हजार 956 किसान दायरे में आये हैं। जिला सहकारी बैंक के द्वारा जो जानकारी प्रेषित की गई है उसके तहत वर्ष 2014-15 के 13879 एवं 2015-16 के 12077 किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के बोनस राशि का वितरण किया जाएगा। खाद अधिकारी जेके सिंह ने बताया कि वर्ष 2014-15 में 13879 किसानों से 91714.50 टन धान की खरीदी की गई थी। जिसकी बोनस राशि 2751.435 लाख रुपए होती है। इसी तरह खरीफ वर्ष 2015-16 में कुल 12077 किसानों से 82052.43 टन धान की खरीदी की गई थी ।

TOP IN JANJGIR

कोसा साड़ी शो-रूम
महेशराम देवांगन एंड ब्रदर्स
• हैण्डलूम कोसा (टसर) सिल्क साड़ी (हैण्डवोभन, हैण्डब्लॉक प्रिंट्स, एम्ब्रायडरी)
• मलवरी सिल्क साड़ी • फैंसी सिल्क साड़ियाँ • सलवार सुट
• दुपट्टा • शॉल • ड्रेस मटेरियल • फर्निशिंग कपड़े इत्यादि
पोस्ट ऑफिस के सामने, गौशाला रोड, चाम्पा 495 671 (छ.ग.)
Ph. : 07819-245152, 245661, Mob. : 9425505875, E-mail : maheshramdewangan1@gmail.com

## माजदा की टक्कर से बड़े भाई की मौत, छोटा गंभीर

**कोरबा।** तेज रफ्तार माजदा के चालक ने साप्ताहिक बाजार से गुपचुप ठेला लेकर लौट रहे दो भाईयों को ठोकर मार दिया। हादसे में बड़े भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके चचेरे भाई को गंभीरावस्था में शहर के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। दुर्घटना को अंजाम देकर माजदा चालक मौके से फरार हो गया है। जबकि वाहन को पुलिस ने जप्त कर चालक की खोजबीन शुरु कर दी है। मामला करतला थाना क्षेत्र के ग्राम नोनबिर्रा के मंझवारपारा में मंगलवार की देर शाम घटित हुई है। करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नोनबिर्रा में निवासरत भागीरथी प्रजापति 22 वर्ष पिता सुखराम प्रजापति व चचेरा भाई 12 वर्षीय करण गुपचुप (पानी पुरी) का ठेला चलाते थे। भागीरथी अपने भाई करण प्रजापति के साथ ठेला लेकर गांव में ही लगने वाले साप्ताहिक बाजार गया था। बाजार समाप्त होने के बाद दोनों भाई ठेला को लेकर घर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान करतला की ओर से आ रहे माजदा क्रमांक जेएच 05 बीएच 2196 के चालक ने तेज वाहन चलाते हुए ठेला को जमकर ठोकर मार दी।

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

## खबर संक्षेप

### रामनगर में श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा 24 से



**कोरबा।** रामनगर एकता चौक में 24 से 31 दिसंबर तक श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा का अयोजन किया जा रहा है। 24 दिसंबर को कथावाचक पं. श्री नरेश दुबे जी महाराज करनौद वाले द्वारा संगीतमय भागवत कथा के साथ कलश शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। कथा आयोजन बीपी तम्बोली रामनगर द्वारा किया जा रहा है। आयोजनकर्ता ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पूण्य का भागीदारी बनें।

### बुधराम का बन रहा पक्का मकान, अब नहीं होगा परेशान



**कोरबा।** मजदूरी का काम करने वाले बुधराम अघरिया का सपना था कि उसका भी कोई पक्का मकान हो, ताकि बारिश के दिनों में उनके परिवार को परेशान न होना पड़े। मजदूरी कर किसी तरह जीवन यापन करने वाले बुधराम को जब जानकारी मिली कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत उनका नाम भी आवास के लिए चयनित किया गया है तो उन्हें बहुत खुशी हुई। अब खाते में राशि मिलने के पश्चात बुधराम अपने पक्का मकान का सपना पूरा कर रहा है। पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड ग्राम मोरगा के जूनापरा में रहने वाले बुधराम अघरिया ने बताया कि गरीबी की वजह से पक्का मकान का सपना उसके लिए एक सपना था। बुधराम ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राही के रूप में उनका नाम आने के पश्चात उसे आवास निर्माण के लिए राशि प्राप्त हुई। राशि मिलने के पश्चात वह अपना मकान बना रहा है। कुछ दिनों के भीतर घर पूरी तरह से बन जाएगा और वे अपने परिवार के साथ पक्के मकान में शिफ्ट हो जाएंगे। बुधराम ने बताया कि वे वर्तमान में कच्चे मकान में निवास करते हैं। मकान कच्चा होने की वजह से बारिश में बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खपरे से भी पानी नीचे टपकने से बिस्तर भीग जाते थे।

### पीजी कॉलेज में निबंध लेखन भाषण प्रतियोगिता



**कोरबा।** शाससकीय इंवि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को विकसित भारत 2047 के तहत शपथ पत्र, ऑनलाइन सुझाव प्रेषण, नारा लेखन, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेणु बाला शर्मा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में विकसित भारत 2047 से संबंधित शपत्र पत्र का वाचन विभाग एवं कक्षा अनुसार किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्रों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत संकल्प यात्रा आशा का एक जीवंत कारवां है यह सभी भारतीयों के घरों तक सशक्तिकरण और उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करती है। शपथ पत्र का वाचन आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ.संदीप शुक्ला के नेतृत्व में तथा निबंध एवं भाषण डॉ.बीएल साय के दिशा निर्देश में किया गया। विकसित भारत अभियान का लाइव प्रसारण विद्यार्थियों ने देखा। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम ए प्रथम की लोमश कश्यप, द्वितीय स्थान बी ए प्रथम वर्ष की रेणुका धीवर, तृतीय स्थान एमएससी प्रथम सेम की विनय सोनी ने प्राप्त की। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ डी दुबे, श्रीमति अमोला कोर्राम, कन्हैया सिंह कँवर, दीपक टेकाम, सुशील अग्रवाल, अजय पटेल, श्रीमती मधु कँवर, केआर टंडन, एनएसएस के स्वयंसेवक निखिल साहू, हुमांशु साहू, लोमेश कश्यप, विनय सोनी, सुषमा बंजारे, साहिन बानो तथा छात्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा से मिली योजनाओं की जानकारी

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को विकासखंड कोरबा के ग्राम रजगामार, कोरकोमा, विकासखंड कटघोरा के ग्राम जेंजरा और हुंकरा, पोडी उपरोडा के पाथा, ऐतमानगर, करतला विकासखंड ग्राम चोरभट्ठी, मदवानी, विकासखंड पाली के ग्राम पटपरा और नवापारा में शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह नगर पालिक निगम कोरबा अंतर्गत दादर चौक वार्ड क्रमांक 31 उपस्वास्थ्य केंद्र के पास, वार्ड क्रमांक 40 में शिविर लगाया गया। शिविर में केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें योजनाओं की जानकारी दी गई।

## कार्यकर्ता व सहायिकाओं को दिया जाता था संचालन का प्रशिक्षण

# जिले में आंगनबाड़ी प्रशिक्षण केंद्र हुआ बंद, प्रशिक्षण के लिए राजधानी की दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




फाइल फोटो

जिले में महिला बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को दिए जाने वाला प्रशिक्षण कार्यक्रम बंद हो गया है। अब प्रशिक्षण के लिए राजधानी मुख्यालय जाने की मजबूरी हो गई है। पूर्व में प्रशिक्षण केंद्र जिला मुख्यालय में संचालित होते थे। जहां पड़ोसी जिले के भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका प्रशिक्षण लेने पहुंचते थे। अब कार्यकर्ताओं को योजना संबंधी प्रशिक्षण मिलना ही बंद हो गया है।

आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों और महिलाओं को किस तरह के पोषण आहार देना है उनके वजन और टीकाकरण जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम के संचालन को लेकर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम चला करता था। जिसके लिए प्रशिक्षण केंद्र भी बनाया गया था। जहां कोरबा ही नहीं बल्कि रायगढ़ जिले के कार्यकर्ता प्रशिक्षण लेने कोरबा आते थे। जिनके रहने और खाने की व्यवस्था कोरबा में ही किया जाता था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले की 2650 केंद्रों के कार्यकर्ताओं को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जाता था ताकि प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन बेहतर ढंग से कर सके एवं बच्चों के पौष्टिक आहार का वितरण भी नियम से हो सके। इसके साथ ही राज्य शासन से मिलने वाले सर्वे का प्रपत्र का संसाधरण करने का प्रशिक्षण भी दिया जाता था। पिछले दो साल से प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और प्रशिक्षण केंद्र भी बंद हो गए हैं। अब किसी तरह का प्रशिक्षण लेने के लिए राजधानी मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ती है। अब ऐसे प्रशिक्षण जिला स्तर में भी नहीं हो रहे हैं न ही कोई दिशा निर्देश महिला विकास विभाग शासन स्तर से मिले हैं।

#### मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जाता था प्रशिक्षण

प्रशिक्षण केंद्र में स्वयं सेवी संस्थाओं के मास्टर ट्रेनर के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाता था। जिन्हें स्वयं राज्य स्तर पर प्रशिक्षित किया जाता था ऐसे मास्टर ट्रेनर जिला मुख्यालय के प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण देने पहुंचते थे। स्वयं सेवी संस्थाओं के द्वारा ही प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन होता था। साथ ही साथ मास्टर ट्रेनर आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर कार्यकर्ता व सहायिकाओं को यूनिसेफ द्वारा जारी की गई गाईडलाइन के तहत प्रशिक्षण के बारिकियों से अवगत कराया जाता था।

#### कई आंगनबाड़ी केंद्रों में पद रिक्त

कई आंगनबाड़ी केंद्र जिले में ऐसे हैं जहां कार्यकर्ता के पद रिक्त हैं या फिर सहायिका के पद रिक्त हैं। जहां कार्यकर्ता नहीं है वहां सहायिका के भरोसे ही केंद्रों का संचालन होता है। कुछ केंद्र ऐसे हैं जो भवनविहिन है। कुछ की हालत भौतिक रुप से जर्जर बनी हुई है। जिनके मरम्मत के प्रस्ताव भी विभाग शासन स्तर पर भेजा है, जिसपर शासन की ओर से स्वीकृति नहीं मिली है। यही कारण है कि फंड की कमी की वजह से केंद्र की मरम्मत नहीं हो पा रही है।

# चार ट्रैक्टर जब्त, अवैध उत्खनन परिवहन पर की गई कार्रवाई



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के लगभग सभी रेत घाट बंद पड़े हुए हैं। ऐसे में रेत तस्कर खदानों में घुसकर बड़े पैमाने पर रेत की चोरी कर रहे हैं, जिससे शासन को भारी नुकसान हो रहा है। रेत चोरों के खिलाफ एक्शन मोड में आ गई। है।

बुधवार को खनिज विभाग की टीम ने अलग अलग क्षेत्रों में कार्यवाही कर रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करते हुए चार ट्रेक्टर को जब्त किया है। कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा खनिज विभाग को जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन रोकने के कड़े निर्देश लगातार दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन और परिवहन में संलग्न चार ट्रैक्टरों पर कार्यवाही की गई है। खनिज अधिकारी प्रमोद नायक ने बताया कि रात्रि में कार्यवाही के पश्चात जब्त ट्रैक्टर सीजी 12 यू 0359 सलिहाभाठा, ट्रैक्टर जॉन डियर (बिना नंबर) प्रगति नगर एनटीपीसी, ट्रैक्टर जॉनडियर (बिना नंबर) कुदरमाल, ट्रैक्टर जॉन डियर (बिना नंबर) कुदुरमाल को थाने में रखा गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए खनिज अधिकारी प्रमोद नायक के मोबाइल नंबर 7587350731 में संपर्क किया जा सकता है।

# मजदूरी भुगतान के प्रकरण ही जाते हैं लोकपाल के पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मनरेगा के मजदूरी भुगतान के प्रकरणों के निराकरण हेतु गठित किए गए लोकपाल के पास सामान्य शिकायतें दायरे में नहीं आती और इधर मजदूरी भुगतान भी सीधे ऑनलाइन होने से अब ऐसी शिकायतों का दौर भी खत्म हो चला है। ऑफलाइन के समय फर्जी मजदूरी भुगतान के प्रकरण जनदर्शन में बढ़चढ़कर आते थे जिन्हें लोकपाल को भेजा जाता था। अब जनदर्शन में भी ऐसी शिकायतें नाम मात्र ही रह गई है।

ग्रामीण अंचलों में रोजगार देनी वाली केंद्र सरकार की महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के मजदूरी भुगतान के प्रकरणों का निराकरण करने हेतु लोक पाल प्रकोष्ठ बनाया गया था। जहां मजदूरी भुगतान नहीं होने, लंबित रहने या फर्जी मास्टर रोल तैयार कर मजदूरी राशि का गबन करने जैसे प्रकरण लोकपाल के दायरे में आते थे। ऐसे प्रकरणों की सुनवाई कर लोकपाल सीधे कार्यवाही का आवार्ड पारित करता था जिसमें सरपंचों से वसूली को लेकर मजदूरी भुगतान करने के निर्देश भी शामिल रहते थे। ऐसे तमाम तरह के प्रकरणों को लेकर ग्रामीण सीधे कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचा करते थे। जिन्हें जिला पंचायत को प्रेषित कर दिया जाता था। जब से जॉब कार्डधारी मजदूरी की मजदूरी ऑनलाइन हुई है तब से इस तरह के प्रकरण आना बंद हो गया है। मजदूरों के खाते में मजदूरी अब सीधे पहुंच रही है जो कभी मैनुअल भुगतान हुआ करता था। जिसमें मजदूरी राशि गबन को लेकर पहुंचा करती थी। कई मामलों में कार्यवाही संबंधित लोगों के खिलाफ हुई है। ऑफ लाइन मजदूरी भुगतान में गड़बड़ी होने के मामले में लोकपाल के पास पहुंचा करता था जहां सुनवाई पश्चात अवार्ड पारित किया जाता था और इस पर कार्यवाही होती थी। अब ऐसे मामले कम आ रहे हैं।

#### खास बातें

- सामान्य शिकायतें दायरे में नहीं आती
- मजदूरी भुगतान आनलाइन होने से शिकायतें भी कम

#### जानकारी के अभाव

जिला पंचायत में मनरेगा में लोकपाल की नियुक्ति होना महत्वपूर्ण कदम है लेकिन इसके संबंध में ग्रामीण अंचल के लोगों को लोकपाल के विषय में ज्यादा जानकारी नहीं रहती। मजदूरी संबंधी जो भी शिकायतें मजदूरों को रहती है उन शिकायतों को लेकर ग्रामीण मजदूर सीधे कलेक्टर के पास पहुंचते हैं जबकि मजदूरी संबंधी शिकायतों का निराकरण लोकपाल के दायरे में आता है और ऐसी शिकायते को लेकर ग्रामीण लोकपाल के पास नहीं पहुंचते क्योंकि उन्हें इसके संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं रहती। वह या तो जिला पंचायत सीईओ या मनरेगा के एपीओ तक ही पहुंचते हैं ऐसे कई रिकव्हरी के प्रकरण मनरेगा प्रकोष्ठ में लंबित हैं। रोजगार सहायकों से निर्माण कार्यों की राशि वसूली किया जाना है। पूर्व में जिला पंचायत के द्वारा रोजगार सहायकों से वसूली की नोटिस भी जारी की गई थी किंतु उसके बाद भी ऐसे प्रकरण लोकपाल तक नहीं पहुंचना कहीं न कहीं विभागीय लापरवाही को इंगित करता है।

# सरायपाली बुड़बुड़ परियोजना में भूविस्थापतों ने ठप्प किया कोयला उत्पादन व परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

पाली क्षेत्र में संचालित एसईसीएल की सरायपाली बुड़बुड़ परियोजना खदान में ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के समर्थन से ग्राम पंचायत बुड़बुड़ ग्रामवासियों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया गया है। यहां सुबह 6 बजे से भूविस्थापित खदान में एकत्र हुए और कामकाज को प्रभावित करते हुए उत्पादन ठप्प कर दिया है। भूविस्थापित लोगों की मांग है कि पुनर्वास नीति का उन्हें लाभ दिया जाए। पुनर्वास के बदले दी जाने वाली राशि के संबंध में इसे अपर्याप्त बताते हुए दूसरी परियोजनाओं की तरह 15 लाख रुपए प्रत्येक विस्थापित को दिए जाने की मांग की जा रही है। यदि 15 लाख रुपए नहीं दिया जा रहा है तो इन्हें जो 13 किलोमीटर दूर लाफा में बसाया जाना है उसे पाली के नजदीक 3 किलोमीटर के दायरे में बसाहट प्रदान किया जाना चाहिए।

खदान में सुबह 6 बजे से जारी गतिरोध को दूर करने के लिए महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों के साथ-साथ तहसीलदार, नायब तहसीलदार व पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। उनके द्वारा दो दौर की वार्ता ऊर्जाधानी संगठन सपुरन कुलदीप व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारी ग्रामवासियों के साथ की जा चुकी है किंतु दोनों ही दौर में वार्ता असफल रही है भूविस्थापितों ने कहा है कि उनकी मांग पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिए जाने के कारण आंदोलन जारी रहेगा। बता दें कि ग्राम बुडबुड़ (सराईपाली परियोजना) में एस.ई.सी.एल. द्वारा भूमि अधिग्रहण किया जा चुका है जिसमें बसाहट एवं पुनर्वास दिया जाना है। चूंकि कोरबा जिला के अन्य खदानों में पुर्नवास के बदले दी जाने वाली राशि बढ़ाकर 10 लाख रूपये तक किया गया है किन्तु ग्राम बुडबुड में यही राशि 3 लाख रूपये है जो सौतेला व्यवहार है एवं न्याय संगत नहीं है। इस विषय पर अनेकों बार पत्र व्यवहार किया गया है किन्तु आश्वासन ही दिया गया है। चूंकि प्रबन्धन के द्वारा ही आश्वासन दिया गया था कि जो व्यक्ति 2014 में 18 वर्ष पूर्ण करता है उसे भी पुर्नवास हेतु पात्र माना जाएगा किन्तु यह भी केवल झूठा आश्वासन निकला जिसके कारण समस्त ग्रामवासी आक्रोशित हैं एवं अनिश्चितकालीन खदानबंदी हेतु मजबूर हैं। इस कड़ी में 20 दिसम्बर से सराईपाली परियोजना में ब्लास्टिंग, उत्खनन, उत्पादन व डिस्पेच अनिश्चितकालीन पूर्ण रूप से बंद शुरू कर दिया गया है। आंदोलन में तीरथ केशव, आशु लाल, चंदन सिंह बंजारा, शत्रुहन कर्पी, किर्ती सिंह बिंझवार, अमृत लाल नायक, जनक निषाद, राधे नायक, रामचरण यादव, अमर लाल, नरेंद्र ठाकुर, मनहरण लाल, राजग्वाल यादव, उर्मिला नायक, हरेली बाई, सोनकुंवर, भागमती बाई, सरस्वती यादव, चंद्रपाल विनायक, अनोज पालके, ऊर्जाधानी संगठन से टीपक यादव ललित महिलांगे अनसुईया राठौर सतीश चंद्रा, गोंगपा से विमल कुमार मरावी संभागीय अध्यक्ष,जगत कुमार नेताम जिलाध्यक्ष, प्रकाश कोर्राम जिला उपाध्यक्ष,दीपक श्याम, निलेश श्याम,जयप्रकाश मरावी,विजय ओरखे, गणेश उईके,चन्द्रपाल मरावी,रवि जगत,प्रमाद कुसरो, रामभजन जगत संदीप कंवर सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

#### खास बात

- पुनर्वास नीति का सही लाभ दिए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन

# जिले में 25 हजार से अधिक किसानों में बंटेगी 77 लाख रुपए से अधिक की बोनस राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदेश में नवगठित भाजपा सरकार द्वारा अपने पिछले कार्यकाल के दो वर्ष के बोनस की घोषणा पर अमल शुरु कर दिया है। प्रदेश सरकार की इस घोषणा से जिले के 25 हजार 956 किसानों को 77 लाख 86 हजार 8 सौ रुपए की एक बड़ी बोनस राशि वितरीत की जाएगी। जिसकी तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा कर ली गई है। जिला सहकारी बैंक ने किसानों के बोनस को लेकर विस्तृत जानकारी भी शासन को प्रेषित कर दी है।

25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपई के जयंती अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सुशासन दिवस के रुप में मनाया जाता है। उनके जन्मदिन के अवसर पर भाजपा द्वारा विभिन्न तरह के शासकीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस वर्ष आसन्न विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में अपने शासित कार्यकाल के पिछले दो वर्ष का बोनस देने की घोषणा की थी और इसे अपने घोषणा पत्र में शामिल किया था। प्रदेश में सत्ता में काबिज होने के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पिछले दो वर्ष के बोनस देने के आदेश पर हस्ताक्षर किए। प्रदेश सरकार की इस घोषणा से जिले के 25 हजार 956 किसान दायरे में आये हैं। जिला सहकारी बैंक के द्वारा जो जानकारी प्रेषित की गई है उसके तहत वर्ष 2014-15 के 13879 एवं 2015-16 के 12077 किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के बोनस राशि का वितरण किया जाएगा। खाद अधिकारी जेके सिंह ने बताया कि वर्ष 2014-15 में 13879 किसानों से 91714.50 टन धान की खरीदी की गई थी। जिसकी बोनस राशि 2751.435 लाख रुपए होती है। इसी तरह खरीफ वर्ष 2015-16 में कुल 12077 किसानों से 82052.43 टन धान की खरीदी की गई थी जिसकी कुल बोनस राशि 2461.5729 लाख रुपए होती है जिसका भुगतान सीधे उनके खाते में किया जाएगा। बोनस राशि दिये जाने के साथ ही धान बेचने वाले किसानों की संख्या बीते कुछ वर्षों से लगातार बढ़ोत्तरी होती जा रही है। वर्ष 2014-15 के बाद से वर्तमान स्थिति तक किसानों की संख्या में दोगुनी वृद्धि हो गई है।

#### खास बातें

- वर्ष 2014-15 के 13879 व वर्ष 2015-16 के 12077 किसान आए दायरे में
- पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती पर जारी होगी राशि

#### तीन सौ प्रति क्विंटल की दर से मिलेगा बोनस

किसानों को 3 सौ प्रति क्विंटल की दर से बोनस राशि का वितरण किया जाएगा। इसके लिए जिला एवं ब्लॉक व समिति स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर बोनस राशि वितरीत की जाएगी। कार्यक्रम आयोजित करने हेतु सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी भी कर दिए हैं। 25 दिसंबर को समिति स्तर से लेकर जिला स्तर में वृहद कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारियां शुरु कर दी गई है।

# उड़ता में रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



शिविर में उपस्थित छात्र छात्राएं।

राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र की भावी युवाशक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित एक सक्रिय योजना है। इसके अंतर्गत युवाओं को विशिष्ट शारीरिक, बौध्दिक, सांस्कृतिक, एवं सामाजिक विधाओं में प्रशिक्षण देने हेतु समस्त विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रावधान है। इसी कड़ी में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर से संबंध शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार की महिला एवं पुरुष इकाई का संयुक्त सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम उड़ता, विकासखण्ड पाली में नशामुक्त समाज के लिए युवा की थीम पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक प्रेमचंद पटेल के करकमलों द्वारा हुआ। संस्था प्राचार्य डॉ. शिखा शर्मा के संरक्षण व मार्गदर्शन में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अखिलेश पाण्डेय ने रासेयो के समस्त पहलुओं से सभा को अवगत कराते हुए कहा कि स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास हेतु आयोजित हो रहे उक्त शिविर में छात्रों के नैतिक व चारित्रिक विकास, साइबर क्राइम, यातायात के नए नियमों की जानकारी, जल संरक्षण, नशा मुक्ति हेतु मुहिम, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, पोषण जागरुकता, योग का विशेष प्रशिक्षण, एवं विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु जागरुकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इस दौरान महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानू राठौर, रघुराज सिंह, कुमार सिंह कंवर, डॉ. रामकुमार श्रीवास, राजमहल निर्मलकर, पंकज खरे, कन्हैया सिंह कंवर, मास्टर ट्रेनर, रामेश्वर राम आदित्य, नवीन शर्मा, मो. ऐहतेशाम, आशीष अग्रवाल, विपिन शर्मा, शंकर दास महंत, विनोद कुमार पटेल, अमरनाथ पटेल आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# मायुमं का प्रांतीय पिकनिक एवं दीपावली मिलन कार्यक्रम

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा करगी रोड कोटा के आतिथ्य में प्रांतीय पिकनिक एवं दीपावली मिलन का आयोजन किया। इस आयोजन में प्रदेश से 500 से अधिक मंच साथी एवं परिवारजन उपस्थित रहे। करगी रोड शाखा के अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल एवं सचिव आकाश अग्रवाल ने काफी शानदार व्यवस्था की थी। प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर कोटा की धरती में पिकनिक में हौजी प्रतियोगिता, लाइव बैंड, म्यूजिक, डीजे, बोटिंग, कुर्सी दौड़ सहित अनेक मनोरंजक कार्यक्रमों के साथ लजीज व्यंजनों ने सभी मंच साथियों का मन मोह लिया। प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि सेवा के साथ साथ मनोरजन होने सेवा कार्यों की क्षमता कई गुना अधिक हो जाती है। इस अवसर पर अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, निवृतमान प्रांतीय अध्यक्ष अमर सुल्तानिया, कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष प्रशान्त गांधी, राष्ट्रीय संयोजक श्रीमती रीना केडिया, राष्ट्रीय सहायक मंत्री अंशुल गोयल, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना गर्ग, प्रांतीय महामंत्री राज अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष दीपक सिंघानिया, प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती आशा अग्रवाल, प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती राखी अग्रवाल, श्रीमती संगीता मित्तल, मंच की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती मंजुला अग्रवाल एवं मंच के सभी वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को न हो कोई परेशानी



**पामगढ़।** पामगढ़ एसडीएम ने विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी केंद्रों में कांटा तार एवं तौल तथा धान में नमी की जांच किया जो मानक अनुसार पाया गया। एसडीएम ने धान को नियमानुसार स्टैकिंग करने के साथ साथ सभी कृषकों को कोई परेशानी न हो इसके लिए भी जरूरी हिदायत दी। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार अनुभाग पामगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजकुमार तम्बोली ने बुधवार एवं गुरुवार को धान खरीदी केंद्र पामगढ़, राहौद, मेऊ, रसोटा, कोडाभाट, पकरिया, भुईगांव, कोनार मुलमुला एवं भैसों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सभी केंद्रों में कांटा तार एवं तौल तथा धान में नमी की जांच किया गया जो मानक अनुसार पाया गया। समितियों में ढेरी लगाकर तौल करना नही पाये जाने पर मौके पर ढेरी लगाकर तौल कराया गया तथा अब धान को ढेरी लगाकर तौल करने के निर्देश दिए गए। धान को नियमानुसार स्टैकिंग करने के साथ साथ सभी कृषकों को कोई परेशानी न हो इसके लिए भी जरूरी हिदायत दी गई। इस दौरान सभी समितियों के प्रबंधक एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे ।

### जय हिंद सेवा समिति के सदस्यों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**गोधना।** ग्राम कुकदा में जय हिन्द सेवा समिति के सदस्यों ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए चौक-चौराहों की साफ-सफाई की गई। आदर्श ग्राम कुकदा में जय हिंद सेवा समिति के सदस्यों ने सफाई अभियान की शुरुआत की है। समिति के अध्यक्ष परदेसी राम कश्यप के नेतृत्व में ग्राम कुकदा के स्कूल परिसर से अंबेडकर चौक से विभिन्न चौराहों को साफ किया। श्री कश्यप ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है महात्मा गांधी के इस विचार से प्रेरित होकर हमारी समिति ने 10 ग्रामों को सफाई करने का निर्णय किया है, जिसके तहत प्रत्येक 15 दिवस अंतराल पर निर्धारित गांव की साफ सफाई की जाएगी। सफाई करने वाले सदस्यों में दिल कुमारी कश्यप,मधु कश्यप, सतीश कश्यप ,जगदीश दिवाकर, मुनीराम भैना, महिष्मती पाटले ,रमेश देवी, केंवरा कुर्रे, ज्योति टंडन, सावित्रीबाई, लखनलाल गौड़ उपस्थित रहे।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सुनने जुट रही श्रद्धालुओं की भीड़



**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के भाठापारा मोहल्ला में कश्यप परिवार के यहां संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा एवं ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन हो रहा है। व्यास आचार्य पंडित कमलाकांत पांडेय ने गोवर्धन कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण की बात मानकर बृजवासियों ने गिरिराज पर्वत की पूजा अर्चना करना शुरू कर दिया, जिसे देखकर इंद्रदेव क्रोधित हुए और उन्होंने वृंदावन पर मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। इसके बाद भगवान श्री कृष्ण ने अपनी सबसे छोटी उंगली पर बृजवासियों की रक्षा हेतु गोवर्धन पर्वत को उठा लिया और लगातार 7 दिन तक इंद्रदेव के प्रकोप से बचाया तब से लोगों ने उन्हें गोवर्धन धारी कहकर उनकी पूजा करने लगे। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने ग्राम सहित आसपास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंच रहे है।

मांग पूरी नहीं होने पर दी क्रमिक भूख हड़ताल की चेतावनी

# भगवान राम की 40 फीट प्रतिमा के आसपास बह रहा नाली का गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

नगर के महानदी तट पर स्थित भगवान राम की प्रतिमा के आसपास नाली का गंदा पानी बह रहा है। वहीं अंधेरा पसरा हुआ हैं। समस्या दूर करने सर्व हिंदू समाज और नगरवासियों ने स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा हैं। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर सत्याग्रह और क्रमिक भूख हड़ताल की चेतावनी दी है।

पर्यटन विभाग द्वारा महानदी तट पर स्थापित किए गए भगवान राम की आमदकद प्रतिमा के आसपास व्याप्त समस्याओं को दूर करने के साथ ही पांच बिंदुओ में सर्व हिंदू समाज और नगरवासियों ने स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा हैं। सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से बताया कि नगर के महानदी तट पर स्थित भगवान राम की प्रतिमि के आसपास अंधेरा पसरा हुआ हैं। भगवान राम की प्रतिमा के आसपास गंदे नाली का पानी बहाया जा रहा हैं। इसके अलावा नगर की मुख्य समस्या शबरी सेतु मरम्मत कार्य की स्वीकृति मिलने के बाद भी कार्य शुरू नही होना, केरा रोड़ में बन रहे सड़क और डिवाईडर में गुणवत्ताहीन कार्य होने से 6 माह में ही सड़क का उखड़ जाना और डॉक्टर जगमोहन सिंह पुस्तकालय के पीछे स्थित तालाब को कचरे से पाटा जाना और प्लास्टिक को जलाना शामिल हैं। उक्त समस्याओं का निराकरण दो दिवस के भीतर नहीं होने की स्थिति में सर्व हिंदू समाज और नगरवासियों द्वारा क्रमिक भूख हड़ताल और सत्याग्रह आंदोलन करने की चेतावनी दी गई हैं। सर्व हिंदू समाज के लोगों ने शिवरीनारायण तहसीलदार अश्वनी चंद्रा को नगर में व्याप्त समस्याओं के संदर्भ में मौके पर ले जाकर मुआयना कराया। ज्ञापन सौंपने वालों में अंकुर गोयल, राहुल थवाईत, ईश्वरी केशरवानी, विष्णु हरि गुप्ता, बुद्धेश्वर केशरवानी, भरतमणि वैष्णव, संतराम आदित्य,डॉक्टर धर्मेंद्र, अमित तिवारी, चिराग केशरवानी, अंकित तिवारी, ललित कश्यप,राजा सिंघानिया, सची तिवारी, चेतन शर्मा, आकाश यादव, प्रकाश सोनी, शांति केवट शामिल रहे।



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते सर्व हिन्दू समाज के पदाधिकारी एवं नगरवासी।



बहता नाली का गंदा पानी।

# कानून का पालन करना हम सबका कर्तव्य : डॉ. भोजवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

कानून का दायरा असीमित हैं इसे समझने के लिए समय की आवश्यकता होती हैं, लेकिन जरूरी कानूनी जानकारी सबको होनी चाहिए।

उक्त विचार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चाम्पा के निर्देशन एवं तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित विधिक एवं जागरूकता शिविर में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ ममता भोजवानी ने कही। न्यायाधीश भोजवानी ने छात्र-छात्राओं को लैंगिक अपराध के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कोई व्यक्ति लगातार पीछा कर रहा या गन्दी टिप्पणी कर रहा है या गलत नियत से छूने का प्रयास करता हैं तो अपने पालक संरक्षक को जानकारी अवश्य दे। किसी भी अपराध का जब तक विरोध नहीं किया जाता तभी अपराधी का मनोबल बढ़ता है। आधुनिकता के दौड़ में मोबाइल फोन का उपयोग बहुत सावधानी से करनी चाहिए। अभी पढ़ाई करने का समय हैं सिर्फ अपनी भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में ध्यान दे। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती गंगा पटेल ने शिविर में मोटर यान अधिनियम के सम्बंध में जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी वाहन चलाने के लिये जरूरी हैं कि उस वाहन का पंजीयन हो वैध ड्रायविंग लायसेंस हो एवं वाहन का जीवित बीमा होना चाहिए। इन दस्तावेजों के बिना वाहन चलाते समय जब कोई दुर्घटना हो जाती हैं, वाहन चालक और वाहन मालिक दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रियंका अग्रवाल ने शिविर में उपस्थित छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि विधिक प्राधिकरण के द्वारा हर जगह शिविर लगाकर लोगों को कानून जानकारी देने की व्यवस्था की हैं। समय समय पर स्कूलों में कानूनी की जानकारी शिविर के माध्यम से दी जानकारी दी जाती हैं, हम सब कानून से शासित हैं जो कानून का पालन करते है। वे तनाव मुक्त होते हैं विधिक सेवा प्राधिकरण राष्ट्रीय प्रदेश जिला एवं तालुका स्तर पर कानूनी जानकारी देने का कार्य करती है। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य ज्योति चन्द्रा ने न्यायाधीश गणो का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के सदस्य अधिवक्ता गिरधर जायसवाल, अधिवक्ता एस एन सिंह, पैरालीगल वालिंटियर मनीष साहू, कोमल नवरंग, जय नारायण देवांगन, लक्ष्मी जायसवाल, जयराम गडवाल, प्रदीप केवट सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

**खास बात**

- स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित



शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारी देती न्यायाधीश।

### मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षादूत से सम्मानित हुए गुरुद्वान



**बलौदा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरुस्कार के तहत बुधवार को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल जांजगीर मे अपर कलेक्टर लवीना पांडेय जिला शिक्षा अधिकारी भारती वर्मा व विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमडी दिवान, सी के घृतलहरे, मोहन कौशिक, विजय लहरे के द्वारा विकासखंड बलौदा के तीन शिक्षकों को शिक्षादूत पुरुस्कार व एक उत्कृष्ट प्रधानपाठक को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को राज्य सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना के माध्यम से प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाता है। बलौदा विकासखंड सेशिक्षादूत पुरुस्कार से सम्मानित होने वालों मे प्रधानपाठक जनपद प्राथमिक शाला चारपारा नरेश गुरूद्वान, सहायक शिक्षक एल बी प्राथमिक शाला सुल्ताननार अश्वनी उईके, सहायक शिक्षिका एल बी प्राथमिक शाला शनिचराडीह श्रीमती अंजू किरण, उत्कृष्ट प्रधानपाठक प्राथमिक शाला बछौद रामलाल कोसले को साल श्रीफल प्रमाणपत्र व शिक्षादूत पुरुस्कार प्राप्त करने वालों को पांच हजार रु की प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।

# कुपोषण से बचाव के लिए दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

ग्राम पंचायत रसौटा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में संदीपनी शिक्षा महाविद्यालय राहौद के विद्यार्थियों का एनएसएस शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में 110 बच्चे और 5 प्रोफेसर शामिल है। इस अवसर पर दलित अधिकार अभियान और आत्मशक्ति ट्रस्ट के तत्वाधान में कुपोषण मुक्त भारत बनाने के लिए आंगनबाड़ी भारत की जीवन रेखा अभियान का शुरुआत किया गया। सभी को विभीषण पात्रे द्वारा भारतीय संविधान के प्रस्तावना का वाचन कराया गया। ग्राम रसौटा के मितानिन सुमित्रा श्रीवास एवं सीमा धीवर ने कुपोषण को कम करने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संगीता रात्रे स्वस्थ पंचायत समन्वयक ने बताया की कुपोषण को कम करने के लिए गर्भवतियों का टीका करन, परिवार भ्रमण बच्चो का टीका करन, संस्थागत प्रसव , स्तनपान , के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिला बालविकास विभाग के सुपरवाइजर मनीषा जांगड़े ने कुपोषण कम करने के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया की किशोरी बालिकाओं को कुपोषण से बचाव के लिए आयरन की गोली लेने का सलाह दिया। विभीषण पात्रे ने कहा की कुपोषण बहुत सारे समस्या के जड़ है यदि कोई कुपोषण का शिकार होता है तो शरीर का प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है कमजोर शरीर में बीमारी जल्दी आती है जिसके इलाज में धन बर्बाद हो जाता है जिससे गरीबी बढ़ती है इस तरह चक्र चलते रहता है । आमना बेगम और रजनीकांत रत्नाकर ने युवाओं को संवेदन शील होकर कुपोषण को खत्म करने के दिशा में दलित अधिकार अभियान के साथ जुड़कर काम करने का आहवान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर योगेश्वर चंद्राकर एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी एवं आमना बेगम ने किया। एन एस एस सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर रीना खरे का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में शांता यादव, राधा लहरे, लक्ष्मीन दास, बसंती यादव , सुनीता बर्मन, रामी रात्रे, चित्र सिंह, संतन दास, ललिता रत्नाकर, ऊषा किरण बर्मन, अनसुइया यादव सहित अन्य लोग भी शामिल थे।

- आंगनबाड़ी ग्रामीण भारत की जीवन रेखा अभियान कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं अन्य।

### पिपरदा में बच्चों को बताए गए बाल संरक्षण के महत्व

**चांपा।** सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित होती रहती है ताकि प्रत्येक लोगो को हक अधिकार की जानकारी मिल सके इसी के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की पीपरदा में 20 दिसंबर को महिला बाल विकास विभाग के जिला बाल संरक्षण इकाई जांजगीर के कर्मचारी नरेंद्र कुमार चंद्रा पर्यवेक्षक चाइल्ड हेल्प, श्यामा कश्यप ,भूपेश कुमार कश्यप ने आकर छात्र-छात्राओं को चाइल्ड केयर, बाल आश्रम, कॉविड-19 गुडटच , बैडटच तथा बाल विवाह, नशा पान गुटका और किडनैपिंग होने के तौर तरीके के बारे में जागरूक करते हुए हेल्प नंबर 112 ,1091 ,1098 महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में कॉल करके बचने के तौर तरीको के बारे में छात्र छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी दिए। इस बीच प्रधान पाठक मोतीराम अंचल, श्रीमती सुमन डडसेना उपस्थित रहे।



## डभरा प्रीमियर लीग में घिवरा को हराकर सकराली बना विजेता

**डभरा।** डभरा प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 18 दिसंबर को संपन्न हुआ, जिसमें सकराली क्रिकेट क्लब और घिंवरा क्रिकेट क्लब के बीच में फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें सकराली की टीम विजेता रही और घिंवरा की टीम उप विजेता रही।

ग्रामीण क्षेत्रों छुपी खेल प्रतिभा एवं क्रिकेट खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से यह स्पर्धा आयोजित की गई थी। इस दौरान चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने दोनो फाइनल खेलने वाले टीम के सदस्यों का परिचय प्राप्त कर उन्हे बेहतर खेल की शुभकामना दी एवं दोनों कप्तानों के बीच टॉस कराया। नगर पंचायत डभरा के मणीकंचन खेल मैदान में 40 प्लस एकादश क्रिकेट टीम के द्वारा आयोजित डभरा प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम दिवस को घिवरा और सकराली के मध्य फाइनल मुकाबला हुआ, जहां रोमांचक मुकाबले में सकराली की टीम ने अंतिम गेंद पर जीत हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सकराली टीम के सागर टंडन को मैन ऑफ द सीरीज के रूप में रेंजर साइकिल मुरारी डूबे के द्वारा दिया गया। विजेता टीम को 41000 रुपए एवम ट्रॉफी प्रीतम अग्रवाल नगर पंचायत अध्यक्ष एवं द्वितीय पुरस्कार 21000 रुपए नगर पंचायत के उपाध्यक्ष दीपक साहू के द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही विजेता टीम एवं उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को आकर्षक इनाम दिया गया। स्पर्धा में तीसरे और चौथे स्थान पर आने वाले टीमों को क्रमशः 7000 और 4000 रुपए का ईनाम दिया गया। इसके अलावा बेस्ट बैट्समैन,बेस्ट बालर,बेस्ट फिल्डर, बेस्ट विकेट कीपर,बेस्ट दर्शक को भी आकर्षक इनाम दिया गया। इसमें कुल 48 टीमों नेभाग लिया था।




अतिथि के हाथों पुरस्कार प्राप्त करते विजेता खिलाड़ी।

## गांव-गांव में बने अटल चौक के बहुरने लगे दिन

**तुस्मा।** नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा के शबरीडेरा में भाजपा सरकार के शासन काल में बने अटल चौक का दिन बहुरने लगे है। गुरुवार को पंचायत द्वारा रंग रोगन किया गया।

सत्ता परिवर्तन होते ही देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की पुण्य स्मृति अटल चौंक को सजाने के लिए साफ सफाई करने के पश्चात ही हरे रंग और केसरिया रंग से पोताई किया गया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार आते ही गांव-गांव में बने अटल चौक की अब तस्वीर बदलने लगी है। इसके पूर्व भी तुस्मा सरपंच कोमल प्रसाद पटेल द्वारा अटल चौक का नीचले हिस्से जो पूरी तरह से टूट चुके थे उसे ध्यान में रखते हुए पूरी तरह से मरम्मत भी करवाया गया था। भाजपा की सरकार आते ही गांव-गांव में बने अटल चौंक की सुंदरता में रंग रोगन करने के बाद चार चांद लग जायेगी। ज्ञात हो कि ग्राम तुस्मा शबरी डेरा मोहल्ला में अटल चौक का निर्माण किया गया है। गांव के प्रमुख स्थान पर अटल चौक निर्माण होने से लोग पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी को याद करते है। ज्ञात हो लंबे समय से देखरेख नहीं होने की अभाव में अटल चौक कई हिस्से टूटने की कगार में था, लेकिन तुस्मा सरपंच कोमल प्रसाद पटेल की सराहनीय कार्य से उसका मरम्मत कराया गया था। खास बात यह है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद गांव-गांव में बने अटल चौक की सुंदरता बढ़ने लगी है।



अटल चौक का पुताई करता पेंटर।

# किसानों को मिला मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

जिले के किसानों को किसान स्कूल बहेराडीह में मशरूम उत्पादन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिले के अलावा बिलासपुर, सक्ती और कोरबा जिले के किसान शामिल हुए।

वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि किसान स्कूल में दो दिवसीय मशरूम उत्पादन का निःशुल्क प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में किसानों को कृषि अवशेष से मशरूम और मशरूम उगने बाद वेस्ट को डी कम्पोजर और ट्रायकोडर्मा का इस्तेमाल करके जैविक खाद तैयार करने की जानकारी दी गईं। मशरूम उगाने से पूर्व पराली का जैविक पद्धति से उपचारित करने के साथ ही भाप विधि और रासायनिक विधियों से उपचारित करने की जानकारी दी गईं। इसके साथ ही परत विधि, समूह विधि और मिश्रित विधि से बिजाई करने तथा स्पोन अर्थात सही बीज की पहचान की प्रमुख लक्षण के बारे में जानकारी दी गईं। मशरूम उत्पादन के मास्टर ट्रेनर पुष्पा यादव ने बताया कि अभी का समय आयस्टर मशरूम उत्पादन के लिए बहुत ही सुन्दर अनुकूल है। मशरूम की अच्छी पैदावार के लिए पैरा अर्थात पराली की भूसी का अच्छा उपचार और नमी पर ध्यान देना आवश्यक होती है। वहीं दूसरी तरफ साफ सफाई और अच्छी मशरूम बीज का उपयोग करना चाहिए। मशरूम उत्पादन के दौरान मशरूम इकाई में होने वाले प्रमुख बीमारियों का लक्षण और उनके उपचार का उपाय भी बताई गईं। किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि पिछले माह कृषि अवशेष से जैविक खाद, रेशे से कपड़ा, राखी, जैविक कृषि, पशुपालन, मुर्गी पालन तथा सब्जी खेती और नर्सरी प्रबंधन का प्रशिक्षण किसानों को दिया गया। दो दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का शुभारम्भ समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन तथा पूर्व उपसरपंच जितेंद्र कुमार यादव और समापन हमर संगवारी किसान उत्पादक कंपनी एफपीओ के डायरेक्टर रामाधार देवांगन ने ने किया।

- डी कम्पोजर और ट्रायकोडर्मा का इस्तेमाल करके जैविक खाद तैयार करने दी गईं की जानकारी



मशरुम उत्पादन का प्रशिक्षण प्राप्त करते किसान।




